Reg. No. : ....

Name : ....

K21U 3513

II Semester B.C.A./B.S.W./B.Sc.(LRP) Degree (CBCSS – OBE – Reg.) Examination, April 2021
(2020 Admission Only)
ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI
2A08 – 2HIN : साहित्य और प्रयोग (Sahithya Aur Prayog)

Time : 3 Hours

Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1×7=7)

1) 'परीक्षा' कहानी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

2) 'पंचलाईट' कहानी का विश्लेषण कीजिए।

II. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (2×5=10)

3) अपने गाँव के पुस्तकालय के लिए पुस्तकें माँगते हुए राजकमल प्रकाशन, वयनाड के प्रबन्धक के नाम पर एक पत्र तैयार कीजिए।

4) शहर के पेयजल की अव्यवस्था के बारे में बताते हुए जिलाधीश को एक पत्र लिखिए।

5) अरविन्द फेब्रिक्स, मुंबई में प्रबन्धक का पद खाली है। प्रस्तुत पद के लिए आवेदन पत्र तैयार कीजिए।

III. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। (1×5=5)

6) ऑन-लाइन शिक्षण के बारे में शिक्षा मंत्री के साथ एक वार्तालाप तैयार कीजिए।

7) अपने राज्य में कृषि योग्य भूमि पर फैक्ट्रियाँ लगाई जा रही हैं। इससे किसानों की भूमि और रोटी-रोजी छिन रही है। इस संबंध में दो मित्रों के संवाद तैयार कीजिए।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** वाक्य में लिखिए। (4×1=4)

8) भूतकाल की परिभाषा दीजिए । उसके कितने भेद है ?

9) जातिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं ?

10) सकर्मक क्रिया और अकर्मक क्रिया का अंतर क्या है ?

11) कारक किसे कहते हैं ? उसके कितने भेद है ?

P.T.O.

V. मुहावरे और कहावतों का सही अर्थ लिखिए। **(5×1=5)**

12) डूबते को तिनका सहारा

13) होश उड़ जाना

14) दीवार के भी कान होते हैं

15) अँधेरे घर का उजाला

16) खोदा पहाड़ निकली चुहिया।

VI. किसी **एक** खंड का **अंग्रेजी** या **मलयालम** में अनुवाद कीजिए। **(1×5=5)**

17) एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवत: सबसे वैज्ञानिक भाषा भी है। हिंदी भारत संघ की राजभाषा होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है। 14 सितंबर, 1949 का दिन स्वतंत्र भारत के इतिहास में बहुत महत्त्वपूर्ण है। इसी दिन संविधान सभा ने हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था।

18) आधुनिक युग में अनुवाद की महत्ता व उपादेयता को विश्वभर में स्वीकारा जा चुका है। आज के वैज्ञानिक युग में अनुवाद बहुत महत्त्वपूर्ण हो गया है। यदि हमें दूसरे देशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना है, तो हमें उनके यहाँ विज्ञान के क्षेत्र में, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में हुई प्रगति की जानकारी होनी चाहिए और यह जानकारी हमें अनुवाद के माध्यम से मिलती है। भारत जैसे विशाल राष्ट्र की एकता के प्रसंग में भी अनुवाद की आवश्यकता असंदिग्ध है।

VII. अवतरण पढ़ कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(4×1=4)**

19) सब तुम्हारे गुणों से प्रभावित थे । सब तुम्हारी वीरता से डरते थे। कायरों की भांति, रक्तपात से बचने के प्रयत्न में न्याय और सत्य का बलिदान कर बैठे। वे यह नहीं समझ पाए कि भय जिसका आधार हो, वह शांति टिकाऊ नहीं हो सकती।

1) इस अवतरण के सर्वनाम शब्द चुन कर लिखिए।

2) भूतकाल को सूचित करनेवाले शब्दों को चुन कर लिखिए।

3) कारक चिह्नों को चुन कर लिखिए।

4) बहु वचन शब्दों को चुन कर लिखिए।